Roll No. .

11075

कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2025-26

[110]

HISTORY
इतिहास

(Hindi & English Version)

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

निर्देश –

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिसमें प्रश्न क्रमांक 1 में सही विकल्प 6 अंक, प्रश्न क्रमांक 2 में रिक्त स्थान 6 अंक, प्रश्न क्रमांक 3 में सत्य/असत्य 6 अंक, प्रश्न क्रमांक 4 में सही जोड़ी 7 अंक, प्रश्न क्रमांक 5 में एक शब्द/एक वाक्य में उत्तर 7 अंक संबंधी प्रश्न होंगे। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हेतु 1 अंक निर्धारित है। कुल 1×32=32 अंक हैं।

(iii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखना है।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखना है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं और प्रत्येक प्रश्न उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखना है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 23 के लिए प्रदत्त मानचित्र में अपना उत्तर अंकित कीजिए। इस प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।

(viii) केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 23 के स्थान पर एक अतिरिक्त सैद्धांतिक प्रश्न दिया गया है, जिसका उत्तर एक शब्द अथवा एक वाक्य में देना है।

Instructions -

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question No. 1 to 5 are 32 Objective Type Questions. In which, Question No. 1 Choose the correct option carries 6 marks, Question No. 2 Fill in the blanks carries 6 marks, Question No. 3 True/False carries 6 marks, Question No. 4 Correct match carries 7 marks, Question No. 5 one word or one sentence answer carries 7 marks. Each objective type question is allotted 01 mark. Total 1×32=32 marks.

(iii) Internal options are given in Q. No. 6 to 23.

(iv) Q. No. 6 to 15 carry 2 marks each and answer should be written in about 30 words each.

(v) Q. No. 16 to 19 carry 3 marks each and answer should be written in about 75 words each.

(vi) Q. No. 20 to 22 carry 4 marks each and answer should be written in about 120 words each.

(vii) Q. No. 23 should be answered in the given map. This question carries 4 marks.

(viii) Only for visually impaired candidates, an additional theoretical question has been added in place of question no. 23, which has to be answered in one word or one sentence.

प्र.1 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1×6=6)**

(i) 1100 ई.पू. में मेसोपोटामिया का उत्तरी भाग कहलाने लगा –

(अ) सुमेर (ब) असीरिया

MPBoardHub

(स) अक्कद (द) बेबीलोनिया

(ii) जूलियस सीज़र का दत्तक पुत्र जिसने प्रिंसिपेट की स्थापना की –

(अ) ऑक्टेवियन (ब) टिबेरियस

(स) फोरम जूलियस (द) कॉन्स्टेन्टाइन

(iii) चंगेज़ खान का उत्तराधिकारी बना –

(अ) चगताई (ब) जोची

(स) ओगेदेई (द) तोलुइ

(iv) नौवीं सदी में, यूरोप में एक नए वर्ग को बढ़ावा मिला –

(अ) कृषक (ब) नाइट

(स) पादरी (द) अभिजात वर्ग

(v) जर्मनी में छापेखाने का निर्माण किया –

(अ) जीन केल्विन (ब) लोरेन्ज़ो वल्ला

(स) जोहानेस गुटेनबर्ग (द) मार्टिन लूथर

(vi) पोलैंड से आए लोगों को संयुक्त राज्य अमेरिका के.....चारागाहों में काम करना अच्छा लगता था।

(अ) स्टेपीज (ब) सवाना

(स) पम्पास (द) प्रेयरी

Choose the correct answer -

(i) By 1100 BCE, the northern part of Mesopotamia came to be known as -

(a) Sumer (b) Assyria

(c) Akkad (d) Babylonia

(ii) Julius Caesar's adopted son, who established the Principate -

(a) Octavian (b) Tiberius

(c) Forum Julius (d) Constantine

(iii) Became the successor of Genghis Khan -

(a) Chagatai (b) Jochi

(c) Ogedei (d) Tolui

(iv) In the 9^{th} century in Europe a new class began to gain importance -

(a) Peasants (b) Knights

(c) Clergy (d) Aristocratic class

(v) The printing press was invented in Germany by -

(a) Jean Calvin (b) Lorenzo Valla

(c) Johannes Gutenberg (d) Martin Luther

(vi) People who came from Poland liked to work in the following grasslands of the United States -

(a) Steppes (b) Savanna

(c) Pampas (d) Prairie

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए – **(1×6=6)**

(i) 3000 ई.पू. उरुक नगर में स्त्री का सिर.....को तराशकर बनाया गया था।

(ii) मेसोपोटामिया में स्टेपी क्षेत्र के देवता .....के लिए मारी के राजा द्वारा नगर में एक मंदिर बनवाया गया था।

MPBoardHub

(iii) सन् 1517 ई. में एक जर्मन युवा भिक्षु मार्टिन लूथर ने.....के विरुद्ध अभियान छेड़ा।

(iv) यूरोप में पादरियों का लोगों से धन ठगने का सबसे सरल तरीका.....नामक दस्तावेज था।

(v) ऑस्ट्रेलिया में 40,000 साल पहले आने वाले आदिमानव को.....कहते हैं।

(vi) अमेरिका का सपना देखने वाले यूरोपीयन लोगों के लिए मछली और रोएंदार खाल.....थे।

Fill in the blanks -

(i) In 3000 BCE in the city of Uruk a woman's head was carved from.....

(ii) In Mesopotamia, a temple was built in the city for the God of steppe region .....by the king of Mari.

(iii) In 1517 CE, a young German monk Martin Luther, launched a campaign against the.....

(iv) In Europe the easiest way for priests to extort money from people was a document called.....

(v) The original humans who arrived in Australia forty thousand years ago are called.....

(vi) For the European people who dreamed of America, fish and fur were.....

प्र.3 सत्य/असत्य लिखिए – **(1×6=6)**

(i) वरिष्ठ प्लिनी ने सिकंदरिया की फ्रैंकिन्सेंस यानी सुगंधित राल की फैक्ट्रियों के हालात का वर्णन किया है।

(ii) चंगेज़ खान की मृत्यु सन् 1320 ई. में हुई।

(iii) इंग्लैंड देश का नाम एंग्ला लैंड का रूपांतरण है।

(iv) वर्ड्सवर्थ और रूसो दोनो अमेरिका के मूल निवासी से मिले थे।

(v) सन् 1832 ई. में संयुक्त राज्य के मुख्य न्यायाधीश 'जॉन मार्शल' ने एक महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया, उन्होंने कहा चिरोकी कबीला एक विशिष्ट समुदाय है जिस पर जॉर्जिया का कानून लागू होगा।

(vi) चीन में पहला अफीम युद्ध 1839-1842 ई. में हुआ।

Write True or False -

(i) Pliny the Elder described the condition of the Frankincense factories, the aromatic resin of Alexandria.

(ii) Genghis Khan died in 1320 CE.

(iii) The name of the country England is derived from Engla land.

(iv) Wordsworth and Rousseau both met the native people of America.

(v) In 1832 CE the Chief Justice of the United States, John Marshall delivered an important decision. He said that the 'Cherokee tribe' is a distinct community on which Georgia's law would apply.

(vi) The first Opium War in China took place from 1839 to 1842 CE.

प्र.4 सही जोड़ी बनाइए – **(1×7=7)**

स्तंभ "अ"	**स्तंभ "ब"**
(i) दीनारियस	(अ) बोर्टे
(ii) अवन आकार की झोपड़िया	(ब) एक चाँदी का सिक्का
(iii) चंगेज़ खान की पत्नी	(स) मैपालिया
(iv) मंगोल सरदारों की एक सभा	(द) फ्लोरेंस
(v) एंड्रीयास वेसालियस	(य) शिंकानसेन
(vi) पेट्रार्क	(र) बेल्जियम
(vii) बुलेट ट्रेन	(ल) कुरिलताई

Match the columns -

Column "A"	**Column "B"**

MPBoardHub

(i) Denarius	(a) Borte
(ii) Oven shaped hut	(b) A silver coin
(iii) Genghis Khan's wife	(c) Mapalia
(iv) A council of Mongol Chiefs	(d) Florence
(v) Andreas Vesalius	(e) Shinkansen
(vi) Petrarch	(f) Belgium
(vii) Bullet train	(g) Quriltai

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए – **(1×7=7)**

(i) सुमेर के व्यापार की पहली घटना को किसके साथ जोड़ा जाता है?

(ii) ऑगस्टस का शासन काल किस लिए याद किया जाता है?

(iii) मंगोलों में उलुस का गठन किसने किया?

(iv) 12 वीं–13 वीं शताब्दी में यूरोपीय तटों पर आने वाले पोत अपने साथ कौनसी महामारी लाए?

(v) टॉलेमी द्वारा खगोलशास्त्र पर रचित ग्रंथ का नाम बताइए।

(vi) ऑस्ट्रेलिया की राजधानी 'कैनबरा' का नाम 'कैमबरा' से बना है, कैमबरा का क्या अर्थ है?

(vii) जापान में मेज़ी काल के एक बुद्धि जीवी का नाम बताइए।

Write the answers of the following questions in one sentence each -

(i) With whom is the first instance of Sumerian trade associated?

(ii) For what is the reign of Augustus remembered?

(iii) Who established the Ulus in Mongols?

(iv) What epidemic did the ships arriving on European coasts in the 12^{th} and 13^{th} centuries carry with them?

(v) Name the book on astronomy written by Ptolemy.

(vi) Australia's capital name 'Canberra' is derived from 'Kambera', what is Kambera?

(vii) Name an intellectual of the Meiji era in Japan.

प्र.6 मेसोपोटामिया में साक्षरता कम होने के दो कारण लिखिए। **(2)**
Write two reasons for low literacy in Mesopotamia.

अथवा / OR

नाबोपोलास्सर कौन था? उसका एक कार्य लिखिए।
Who was Nabopolassar? Write one achievement of him.

प्र.7 उर नगर की दो विशेषताएँ लिखिए। **(2)**
Write two features of Ur city.

अथवा / OR

मारी नगर की दो विशेषताएँ लिखिए।
Write two features of Mari city.

प्र.8 प्राचीन रोम में 'सीनेट' क्या थी? **(2)**
What was the 'Senate' in an ancient Rome?

अथवा / OR

रोमन साम्राज्य का तीसरी शताब्दी का संकट क्या था?
What was the crisis of Roman Empire in the third century?

प्र.9 **(2)**

MPBoardHub

मोंके कौन था? उसने फ्रांस के किस शासक को चेतावनी दी?
Who was Mongke? Which ruler of France did he warn?

अथवा / OR

बाटू कौन था? उसने अपने अभियानों में रूस को कहाँ तक जीत लिया?
Who was Batu? Which region did he conquer during his campaigns in Russia?

प्र.10 'भिक्षु' कौन थे? उनके रहने के स्थान को क्या कहते थे? **(2)**
Who were the 'Monks'? What were their places of residence called?

अथवा / OR

'टीथ' क्या था? इसे कौन वसूल करता था?
What was 'tithe'? Who used to collect it?

प्र.11 फ्यूड का क्या अर्थ है? यह किनके संबंधों को इंगित करता है? **(2)**
What is the meaning of 'Feud'? Whose relationships does it indicate?

अथवा / OR

गिल्ड का क्या अर्थ था? इसका एक कार्य लिखिए।
What was the meaning of Guild? Write one function of it.

प्र.12 रोम की वास्तुकला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दो कलाकारों के नाम लिखिए। **(2)**
Write the names of two artists, who played an important role in Roman architecture?

अथवा / OR

इटली के दो नगरों के नाम लिखिए जहाँ गणराज्य था।
Write the names of two cities in Italy, where there was a republic.

प्र.13 'सेटलर' शब्द किनके लिए प्रयुक्त होता है? **(2)**
For whom the term 'Settler' used?

अथवा / OR

गोल्ड रश क्या है?
What is the Gold rush?

प्र.14 चीन की प्रमुख विचारधारा क्या थी? उसका क्या सिद्धांत था? **(2)**
What was the main ideology of China? What was its principle?

अथवा / OR

चीन में मांचू साम्राज्य कब समाप्त हुआ और वहाँ किसके नेतृत्व में गणतंत्र की स्थापना हुई?
When the Manchu Empire end in China and under whose leadership was the republic established?

प्र.15 जापान ने कोरिया पर कब्जा कब किया, तथा जापानी औपनिवेशिक शासन कोरिया में कब समाप्त हुआ? **(2)**
When did Japan occupy Korea and when did Japanese colonial rule end in Korea?

अथवा / OR

कोरिया को 1997 में विदेशी मुद्रा संकट का सामना क्यों करना पड़ा?
Why did Korea face a foreign exchange (currency) crisis in 1997?

प्र.16 रोमन साम्राज्य के राजनीतिक इतिहास के तीन प्रमुख खिलाड़ी कौन थे? टिप्पणी लिखिए। **(3)**
Who were the three main player in the political history of the Roman Empire? Write a note.

अथवा / OR

रोमन साम्राज्य की सांस्कृतिक विविधताओं को तीन बिन्दुओं में लिखिए।
Write the cultural diversities of the Roman Empire in three points.

प्र.17 **(3)**

MPBoardHub

चंगेज़ खान की मृत्यु के उपरान्त मंगोल साम्राज्य का क्या हुआ? तीन बिन्दुओं में लिखिए।
What happened to the Mongol Empire after the death of Genghis Khan? Write in three points.

अथवा / OR

चंगेज़ खान के तीन विजय अभियान लिखिए।
Write three victorious campaigns of Genghis Khan.

प्र.18 यूरोप में स्थापित विश्वविद्यालयों में 'कानून का अध्ययन' एक प्रिय विषय कैसे बना? **(3)**
How did the 'study of law' became a popular subject in universities established in Europe?

अथवा / OR

मानवतावादी शिक्षा में संवेदनशील महिलाओं की भूमिका के बारे में लिखिए।
Write about the role of sensitive women in humanist education.

प्र.19 संयुक्त राज्य अमेरिका में दास प्रथा खत्म करने के लिए किए गए तीन प्रयास लिखिए। **(3)**
Write three efforts that were made to abolish slavery in the United states of America.

अथवा / OR

उत्तरी अमेरिका में उद्योग किन कारणों से विकसित हुए? तीन कारण लिखिए।
What were the reasons for the development of industries in North America? Write three reasons.

प्र.20 मेसोपोटामिया की भौगोलिक स्थिति का विस्तृत वर्णन करते हुए बताइए की वहाँ शहरों का विकास किस प्रकार हुआ। **(4)**
Describe in detail the geographical location of Mesopotamia and explain how the major cities developed there?

अथवा / OR

मेसोपोटामिया में लेखन कला का विकास किस तरह हुआ? उनकी लेखन प्रणाली कैसी थी? वर्णन कीजिए।
How did the art of writing develop in Mesopotamia? How was their writing system like? Explain in detail.

प्र.21 यूरोप में सामाजिक प्रक्रिया में अभिजात वर्ग की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका थी, व्याख्या कीजिए। **(4)**
In Europe the nobility played an important role in social processes. Explain in detail.

अथवा / OR

यूरोप में मध्यकाल में पादरी एवं अभिजात वर्ग का भरण–पोषण करने वाले कौन थे? उनके कार्यों का वर्णन कीजिए।
In Mediaeval Europe, who sustained the clergy and nobility? Describe their functions in detail.

प्र.22 राष्ट्र के एकीकरण के लिए मेजी सरकार द्वारा प्रशासनिक ढाँचा तैयार करने के लिए उठाए गए कदमों का विश्लेषण कीजिए। **(4)**
Analyze the steps taken by the Meiji government to prepare the administrative structure for the unification of the state.

अथवा / OR

जापान में पश्चिमीकरण और परंपरा में किस प्रकार संतुलन लाया गया, साथ ही साथ वहां की रोजमर्रा की जिंदगी में क्या बदलाव आए? स्पष्ट कीजिए।
How was a balance maintained between westernization and tradition in Japan? Also what changes occurred in their everyday life? Explain.

प्र.23 विश्व के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए – **(4)**

(i) मारी (ii) काला सागर
(iii) फारस की खाड़ी (iv) ऑस्ट्रेलिया

Mark the following on the world map -

(i) Mari (ii) Black Sea
(iii) Persian Gulf (iv) Australia

अथवा / OR

विश्व के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए –

MPBoardHub

(i) उरुक (ii) भूमध्य सागर

(iii) बंगाल की खाड़ी (iv) चीन

Mark the following on the world map -

(i) Uruk (ii) Mediterranean Sea

(iii) Bay of Bengal (iv) China

नोट – निम्नलिखित सैद्धांतिक प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 23 के स्थान पर दिया गया है।

Note – The following theoretical question is given only for visually impaired candidates in place of question no. 23.

प्र.23 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए – **(4)**

Answer the following questions in one word or one sentence -

(i) मेसोपोटामिया की सभ्यता का विकास किस नदी के किनारे हुआ?
On the bank of which river did the Mesopotamian civilization develop?

(ii) गॉल किस देश का प्राचीन नाम है?
Gaul is the ancient name of which country?

(iii) सुल्तान मोहम्मद कहाँ का शासक था?
Sultan Muhammad was the ruler of which place?

(iv) छापेखाने का निर्माण किस देश में हुआ?
In which country did printing press first invented?

अथवा / OR

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में लिखिए –

Answer the following questions in one word or one sentence -

(i) मारी शहर का विकास किस नदी के किनारे हुआ?
On the bank of which river did the city of Mari develop?

(ii) जैतून तेल का कारखाना कहाँ था?
Where was the olive oil factory located?

(iii) मध्य एशिया का स्टेपी क्षेत्र आज के किस राज्य का भूभाग है?
The steppe region of Central Asia is part of which country today?

(iv) पश्चिमी चर्च के प्रमुख पोप कहाँ रहते थे?
Where did the head of the western church, the pope, reside?

MPBoardHub